## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 10.07.2025 (दोपहर–1455 बजे)

******************

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज रांची में 27वीं पूर्वी क्षेत्र परिषद की बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। बैठक में झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और मंत्रीगण शामिल हुए। बैठक से पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्रीय गृह मंत्री का स्वागत किया। इस बैठक में यौन अपराधों की त्वरित जांच के लिए फास्ट–ट्रैक विशेष अदालतों की स्थापना सहित कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। साथ ही प्रत्येक गांव में बैंकिंग सुविधाएं, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली, शिक्षा, स्वास्थ्य और सहकारी व्यवस्था को मजबूत करने पर भी विचार किया जाएगा। झारखंड की ओर से केंद्र के पास लंबित बकाया राशि, नक्सल प्रभावित जिलों के लिए विशेष सहायता और एसआरई फंड की बहाली की मांग उठाई जा सकती है।

******************

देवघर में विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला शुरु हो गया है। राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव और ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे ने संयुक्त रूप से श्रावणी मेले का उद्‌घाटन किया। इस मौके पर पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि देवतुल्य श्रद्धालु अच्छी स्मृति लेकर जाएं इसके लिए इस बेहतर करने की कोशिश सरकार और जिला प्रशासन ने किया है। उन्होंने बताया कि कांवरिया पथ खिजुरिया से मानसरोवर तट स्थित क्यू काम्प्लेक्स तक फूट ओवरब्रिज बनाने की योजना है। श्रम नियोजन मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि नगर विकास मंत्री और जिला प्रशासन ने बेहतर इंतजाम का प्रयास किया है। उन्हें उम्मीद है कि कांवरिया सुखद अनुभव के साथ यहां से लौटेंगे। मौके पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय ने कहा कि सामूहिक प्रयास से यह मेला सफल होगा।

******************

अभी अभी सूचना प्राप्त हुई है कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में 27वीं पूर्वी क्षेत्र परिषद की बैठक अब समाप्त हो चुकी है।

******************

भारतीय खाद्य निगम के सचिव संजीव चोपड़ा ने आज हजारीबाग का दौरा किया। इस क्रम में इन्होंने एफसीआई गोदाम , पैक्स और राशन दुकानों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हजारीबाग आकांक्षी जिला है। ऐसे में योजनाओं लाभ लाभुकों तक पहुंचाने की पहल तेजी से की जा रही है।

******************

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार साहिबगंज में नेशनल बूथ लेवल ट्रेनिंग कार्यक्रम के अंतर्गत आज बूथ लेवल ऑफिसर्स के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आगामी निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए बीएलओ को तकनीकी एवं प्रक्रियागत जानकारी प्रदान करना था।

******************

गुमला जिले में धरती आबा जनजातीय जागृत अभियान सफलतापूर्वक चल रहा है। शिविरों के माध्यम से लोगों को योजनाओं का लाभ देने की पहल की जा रही है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता––

******************

राजधानी रांची, बोकारो और देवघर सहित 16 जिलों में आज रुक–रुक कर लगातार बारिश हो रही है। इससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने 14 जुलाई तक राज्य के अलग–अलग हिस्सों भारी बारिश की संभावना व्यक्त की है और इसे लेकर अलर्ट जारी किया गया है। बारिश के साथ वज्रपात की भी चेतावनी जारी

की गयी है। मौसम विभाग ने लोगों को सुरक्षित स्थान पर रहने और पेड़ के नीचे या खुले में नहीं जाने की सलाह दी है।

*****************